मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 13 फरवरी 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	13-02-14	14-02-14	15-02-15	16-02-15	17-02-15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	28	29	31	31	31
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	10	11	11	12	12
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	1	1	2	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	59	61	65	64	58
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	21	18	20	24	22
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	8	9	11	14	11
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

सरसों की फसल इस समय पकाव अवस्था में है। फलियां हल्की पीली पडने या चटकने से पहले कटाई करें।

गेहूँ में मोयला कीट के नियंत्रण के लिए मिथाईल डेमेटोन 25 ई.सी. या डायमिथोएट 30 ई.सी. एक लीटर का प्रति हैक्टर की दर से छिड़काव करें।

गेहूँ की फसल में चौथी सिंचाई फसल बोने के 80 से 85 दिन पर व पाँचवी सिंचाई 100 से 105 दिन पर करें।

प्याज की फसल में तुलासिता व अंगमारी रोग के लक्षण दिखाई देने पर मैन्कोजेब या जाइनेब 2 ग्राम प्रति लीटर पानी को दर से छिड़काव करें।

मूँहपका–खुरपका, गलघोंटू, ठप्पा, फड़किया रोग आदि के टीके यदि अभी भी नहीं लगवाये हैं तो कृपया समय रहते लगवाएं। पशु आहार में हरे चारे कि मात्रा नियंत्रित रखे व सूखे चारे की मात्रा बढाकर दें।